मध्य प्रदेश में खांडवा और खरगौन के बीच टेलीफोन सम्पर्क

2952. **श्री शशि भूषण : क्या सूचना और प्रसारण तथा संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) खांडवा और खरगौन (मध्य प्रदेश में जिला पश्चिम नीमाड़) के बीच सीधा टेलीफोन सम्पर्क स्थापित करने में कितनी प्रगति हुई है ;

(ख) क्या खरगौन, कसरावाद, बारूपहताऊ और खांडवा (जिला पश्चिम नीमाड़) के बीच सीधा टेलीफोन सम्पर्क स्थापित करने के लिए सरकार ने कोई योजना बनाई है ;

(ग) क्या सराबाद और वेरियां के बीच, जो केवल चार मील की दूरी पर है, टेलीफोन सम्पर्क स्थापित करने के लिये कोई योजना बनाने का सरकार का विचार है ; और

(घ) यदि हाँ, तो ऐसी योजनाओं का ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण है ?

सूचना और प्रसारण मन्त्रालय तथा संचार विभाग में राज्य मन्त्री (श्री शेर सिंह) : (क) खंडवा और खरगौन के बीच एक सीधा ट्रंक युग्म लगाया जा रहा है, और आशा है कि यह काम अगले दो महीनों के दौरान पूरा हो जाएगा ?

(ख) खरगौन और कसराबाद या बारूपहताऊ के बीच सीधा टेलीफोन सम्पर्क स्थापित करने का कोई प्रस्ताव नहीं है। कसराबाद का धामनोदे एक्सचेंज से सम्पर्क स्थापित किया गया है जिससे इन्दौर के मार्ग से खरगौन की लाइन मिल सकती है। बारुपहताऊ सार्वजनिक टेलीफोन घर ओजर एक्सचेंज से सम्बद्ध है जिससे सेंधवा के मार्ग से खरगौन की लाइन मिल सकती है।

खंडवा और खरगौन के बीच सीधा टेलीफोन सम्पर्क स्थापित करने का कार्य हो रहा है और जैसा कि ऊपर (क) में बताया गया है इसके अगले दो महीनों के दौरान पूरा होने की आशा है।

(ग) तथा (घ). सरावाद और वेरियां में टेलीफोन सुविधा की व्यवस्था करने के लिए इस तरह की कोई योजना विचाराधीन नहीं है। अब इस प्रस्ताव की भोपाल के पोस्टमास्टर जनरल के परामर्श से जाँच की जाएगी।

मध्य प्रदेश में बरवाह और करही के बीच टेलीफोन सम्पर्क

2953. **श्री शशि भूषण** : क्या **सूचना और प्रसारण तथा संचार** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मध्य प्रदेश में बरवाह और करही के बीच टेलीफोन सम्पर्क स्थापित करने का काम कब तक पूरा होने की आशा है ;

(ख) क्या खेतिया-सेंडवाह और खरगौन के बीच सीधा टेलीफोन सम्पर्क स्थापित करने की सरकार कोई योजना बना रही ; और

(ग) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय तथा संचार विभाग में राज्य मन्त्री (श्री शेर सिंह) : (क) बमाह और करही के बीच टेलीफोन सम्पर्क स्थापित करने के प्रस्ताव की जाँच करने पर इसे अलाभकर पाया गया है, तदनुसार उक्त प्रस्ताव को रद्द कर दिया गया है।

(ख) तथा (ग). सेंडवाह के मार्ग से खेतिया और खरगौन के बीच सीधा टेलीफोन सम्पर्क स्थापित करने के प्रस्ताव को कार्य रूप में परिणत करने के लिए 36 मील लम्बी नई पोस्ट लाइन का निर्माण करना पड़ेगा जिसकी जांच की जा रही है। यदि लाभकर पाया गया तो इस पर अमल किया जायेगा।

दिल्ली प्रशासन में काम करने वाले कर्मचारियों के वेतनमानों में अन्तर

2954. **श्री टी० पी० शाह :**

श्री हुकम चन्द कछवाय :

क्या श्रम तथा पुनर्वास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि दिल्ली प्रशासन